# बागपत पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-5.0 सराहनीय कार्य

उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी ' मिशन शक्ति फेज-5.0' अभियान के तहत, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही मुहिम में जनपद बागपत पुलिस ने एक और प्रशंसनीय कार्य किया है। मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली बागपत मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी म0उ0नि0 सीमा सिंह द्वारा दिनांक 25-09-2025 को 05 माह की गर्भवती महीला की रास्ते में तबीयत बिगडने पर उसे सकुशल उसके घर तक छोडा गया। अब गर्भवती महिला स्वस्थ है। जनपद बागपत पुलिस का यह कार्य 'मिशन शक्ति' अभियान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बागपत पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील और सक्रिय है।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक बागपत द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र कोतवाली बागपत प्रभारी म0उ0नि0 सीमा सिंह को इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति प्रत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।





**नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन**


# बागपत पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-5.0 सराहनीय कार्य


उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी ' मिशन शक्ति फेज-5.0' अभियान के तहत, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही मुहिम मे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना खेकडा पर दिनांक 26.09.25 को पीडिता/वादिया नाबालिग लडकी (उम्र करीब 17 वर्ष) नें शिकायत की कि वादिया के परिवारीजन पीडिता को 12वीं से आगे की पढाई नही करवा रहे है, वादिया उन्हे कहती है तो डांट-फटकारते है व आगे की पढाई करने से रोकते है, इसलिए वादिया अब अपने घर जाना नही चाहती है। प्राप्त शिकायत पर थाना खेकडा पुलिस की मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा पीडिता/वादिया की सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए वादिया के परिजनों को मिशन शक्ति केन्द्र पर बुलाया गया। पीडिता लडकी के पिता व अन्य परिजनों को एक साथ महिला शक्ति केन्द्र में बैठाया गया और परिजनों व पीडिता की काउन्सलिग करते हुए परिजनों को उच्च शिक्षा के फायदो से अवगत कराया गया। पीडिता के पिता पीडिता की अग्रिम शिक्षा ग्रहण करवाने पर राजी हो गये पीडिता को उसके पिता व परिवारीजनों के साथ हँसी-खुशी रवाना किया गया।

### थाना खेकडा




**नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन**

# बागपत पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-5.0 सराहनीय कार्य

आज दिनांक 26.09.2025 को थाना दोघट पर डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम झुंडपुर, थाना दोघट, जनपद बागपत में एक महिला का अपने ज्येष्ठ के पुत्र गौरव एवं उसकी पत्नी के साथ आपसी कहा-सुनी को लेकर विवाद हो रहा है तथा दोनों पक्ष झगड़े पर आमादा हैं। प्राप्त सूचना पर माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति फेज-05 टीम थाना दोघट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया एवं दोनों पक्षों को शांत कराया गया। तत्पश्चात दोनों पक्षों को थाना स्थित मिशन शक्ति केंद्र पर लाया गया, जहां मिशन शक्ति की टीम द्वारा प्रभावी रूप से उनकी काउंसलिंग की गई। पुलिस की सक्रियता एवं प्रभावी काउंसलिंग के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों ने अपने आपसी मतभेद व विवाद को समाप्त करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति बना ली है तथा भविष्य में पुनः इस प्रकार का विवाद न करने का आश्वासन भी दिया है।

### थाना दोघट

"मिशन शक्ति केंद्र"



थाना दोघट, जनपद (बागपत)

**नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन**


# बागपत पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-5.0 सराहनीय कार्य


उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी ' मिशन शक्ति फेज-5.0' अभियान के तहत, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही मुहिम मे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना बडौत पर पंजीकृत मु0अ0सं0 612/25 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित अपहर्ता को वन स्टॉप सेन्टर बागपत से सीडब्लूसी के समक्ष सुपुर्दगी हेतु पेश करने हेतु ले जाया जा रहा था, उसी समय अभियुक्त आनिस पुत्र मईनुद्दीन द्वारा अपहर्ता पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया था, जिसमें महिला होमगार्ड रचना द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुए अपहृता को अभियुक्त आनिस फायर से बचाया गया।

जनपद बागपत पुलिस का यह कार्य 'मिशन शक्ति' अभियान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बागपत पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील और सक्रिय है।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक बागपत द्वारा महिला होमगार्ड रचना को इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति प्रत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



**नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन**

# बागपत पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-5.0 सराहनीय कार्य

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

### थाना दोघट की 'मिशन शक्ति' टीम ने गुमशुदा युवती को 24 घंटे में किया सकुशल बरामद।

उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी ' मिशन शक्ति' अभियान के तहत , महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही मुहिम में जनपद बागपत पुलिस ने एक और प्रशंसनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक बागपत के कुशल निर्देशन में थाना दोघट पुलिस की 'मिशन शक्ति' टीम ने त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक गुमशुदा युवती को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद किया गया है।

थाना दोघट की मिशन शक्ति टीम को एक सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा टीकरी निवासी युवती बिना बताए घर से कहीं चली गई है। मामले की गंभीरता को समझते हुए, पुलिस अधीक्षक बागपत ने तत्काल इस पर संज्ञान लिया और थाना दोघट की मिशन शक्ति टीम को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। 'मिशन शक्ति' टीम ने तुरंत युवती की तलाश शुरू कर दी। टीम ने सभी संभावित स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया, सूचना तंत्र को सक्रिय किया और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया। पुलिस के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप, गुमशुदा युवती को अगले ही दिन गौरीपुर से सकुशल बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया गया।



परिजनों ने जनपद बागपत पुलिस की त्वरित कार्रवाई, सहयोग और बेटी को सुरक्षित वापस लाने के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। जनपद बागपत पुलिस का यह कार्य 'मिशन शक्ति' अभियान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और यह अपराधियों के बीच एक कड़ा संदेश भी देता है कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील और सक्रिय है।

**नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन**

# बागपत पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-5.0 सराहनीय कार्य

1090 Women Power Line

### ऑपरेशन स्माइल अभियान/मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना बि नौली पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 296/25 धारा 87/137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 अपहृताओं को सकुशल किया बरामद

उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी ' मिशन शक्ति' अभियान के तहत, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही मुहिम में जनपद बागपत पुलिस ने एक और प्रशंसनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक बागपत के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना बिनौली पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 296/25 धारा 87/137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 अपहृताओं को जनपद गाजियाबाद से सकुशल बरामद किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।




**नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन**

**प्रेस नोट जनपद बागपत**

**थाना खेकडा दिनाँक 26.09.2025**

## थाना खेकडा पुलिस थाने के मु0अ0सं0 322/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109/352/351(3) बीएनएस में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।



**संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 25.09.25 को थाना खेकडा पर वादी श्री सन्नी पुत्र श्री कल्लू निवासी ग्राम फखरपुर थाना खेकड़ा जनपद बागपत ने लिखित तहरीर दी कि अभियुक्तों 1.अनस पुत्र मेहरदीन 2.जुबैर पुत्र मेहरबान 3.आरिफ उर्फ एमपी पुत्र नामालूम 4.शौकीन पुत्र मेहरबान निवासीगण ग्राम फखरपुर थाना खेकड़ा जनपद बागपत व दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर धारदार हथियारों से वादी के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला करना जिससे वादी के सिर में गम्भीर चोट आ जाना व वादी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देना। इस सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना खेकडा पर मु0अ0सं0 322/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109/352/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही-**

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना खेकडा पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 322/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109/352/351(3) बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-</u>**

**अनस पुत्र मेहरदीन निवासी ग्राम फखरपुर थाना खेकडा जिला बागपत।**

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>**

**1. उ0नि0 श्री रोशनलाल थाना खेकड़ा जनपद बागपत।**

**2. का0 555 रवि कुमार थाना खेकड़ा जनपद बागपत।**

**3.का0 535 अतुल कुमार थाना खेकडा बागपत।**

**प्रेस नोट जनपद बागपत**

**थाना छपरौली** **दिनाँक 26.09.25**

**थाना छपरौली पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 84/25 धारा 420/467/468/471/404/409 भादवि में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**<u>संक्षिप्त विवरण-</u>**




**दिनांक 09.04.25 को थाना छपरौली पर वादी श्री अश्वनी कुमार क्षेत्रिय कार्यालय कैनरा बैंक बागपत के ने लिखित तहरीर दि कि अभियुक्त रिशवनन्दन सिंह पुत्र अजय कुमार निवासी- सेक्टर पी-2 कालोनी विदापुरी लोहियानगर काकरबाग पटना (बिहार) द्वारा फर्जी तरीके से खाता धारको से कूट रचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी से खाता धारको के खाते से रुपये गबन कर देना। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना छपरौली पर मु0अ0सं0 84/25 धारा 420/ 467/468/404/471/409 भादवि पंजीकृत किया गया।**

## कार्यवाही-

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना छपरौली पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 84/25 धारा 420/ 467/468/404/471/409 भादवि में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

रिशवनन्दन सिंह पुत्र अजय कुमार निवासी- सेक्टर पी-2 कालोनी विदापुरी लोहियानगर काकरबाग पटना (बिहार)।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1-उ0नि0 श्री संजीव कुमार थाना छपरौली।

2-का0 572 मोहित कुमार थाना छपरौली।

## प्रेस नोट जनपद बागपत

**थाना बड़ौत** **दिनाँक 26.09.2025**

**थाना बडौत पुलिस पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 123/25 धारा 140(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बी.एन.एस. में वाँछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**संक्षिप्त विवरण-**



दिनांक 01.03.2025 को थाना बड़ौत पर वादी श्री बिलाल पुत्र गुलजार निवासी पट्टी चौधरान कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत ने लिखित तहरीर दी कि अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादी के भाई नूर मौहम्मद व उसके दोस्त शावेज का अपहरण कर मोबाइल से कॉल करके 02 करोड़ रुपये फिरौती की मांग की गयी तथा फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी । इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बड़ौत पर मु0अ0सं0 123/25 धारा 140(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**नोट-** थाना बडौत पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में पूर्व में 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक बागपत के निर्देशन में बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं शातिर/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बडौत पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 123/25 धारा 140(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बी.एन.एस. में वाँछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया गया है।

उपरोक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बड़ौत पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

शिवम पुत्र अशोक निवासी अंनतबाडा थाना खतोली जनपद मुजफ्फर नगर उम्र करीब 26 बर्ष।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1-व0उ0नि0 श्री सागर सिंह थाना बड़ौत जनपद बागपत।

2-का0 301 मुलायम थाना बडौत जनपद बागपत।

3-का0 406 रविन्द्र भाटी थाना बडौत जनपद बागपत।

4-का0 463 पवन नागर थाना बडौत जनपद बागपत।

उत्तर प्रदेश पुलिस